10/07/23

## दिनांक 27.07.2023 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 27.07.2023 को जिलाधिकारी कार्यालय में सम्पन्न हुई, जिसके कार्यवृत्त का अनुमोदन जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 09.08.2023 को किया गया। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहेः-

1. श्री राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), हमीरपुर।
2. श्री मानवेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा।
3. श्री शिवम कुमार, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा।
4. श्री आशीष बाजपाई, सहायक अभियन्ता(इले0/मैके0), एस.डब्लू.एस.एम., हमीरपुर।
5. श्री पवन कुमार प्रजापति, डी0टी0एल0.टी0पी0आई0, हमीरपुर।
6. श्री रामा कृषन शुक्ल, सुपरविजन इंजीनियर, आरवी एसोसिएट्स (पी0एम0सी0), हमीरपुर।
7. श्री संगम नाथ पाण्डेय, प्रोजेक्ट मैनेजर, एस0पी0एम0एल0-जे0डब्लू0आई0एल0(जेवी), हमीरपुर।
8. श्री मनोज कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0-एस0पी0एम0एल0(जेवी), हमीरपुर।
9. सिद्ध गोपाल त्रिवदी, जिला सलाहकार, यूनोप्स हमीरपुर।
10. श्री प्रवीन कुमार, विद्याम स्किल टेक्नो डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर, हमीरपुर।
11. श्री दिवाकर सिंह, डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर, अम्बर प्रेस प्रा0लि0, लखनऊ।

Seen
DM.
10/8/23

### पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना

सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत) योजना के माध्यम से कुल 148 राजस्व ग्राम लाभान्वित हैं, जिसमें विकास खण्ड मौदहा के 82 एवं विकास खण्ड सुमेरपुर के 66 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। उपरोक्त परियोजना का घटकवार प्रगति निम्नवत हैः-

**इन्टेक वेल**:-एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि इस योजना के तहत यमुना नदी, ग्राम पत्यौरा डांडा के पास इन्टेकवेल (45 एम0एल0डी0) का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इन्टेकवेल का लगभग 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पंप रूम के सिविल कार्य पूर्ण तथा विधुत यांत्रिक का कार्य प्रगति पर है। एप्रोच ब्रिज का सिविल कार्य पूर्ण। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराते हुए अवशेष कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**डब्लू0टी0पी0**:-जे0डब्लू0आई0एल0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि डब्लू.टी.पी. (45 एम0एल0डी0) पत्यौरा डांडा का निर्माण कार्य किया जा रहा है, डब्लू.टी.पी. का सिविल कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में डब्लू.टी.पी. के एम.सी.डब्लू.आर., एडमिन बिल्डिंग, एल.एल.एफ., रिसर्कुलेशन सम्प, स्लज सम्प इत्यादि के लगभग कार्य पूर्ण हो चुके हैं व बाउन्ड्रीवाल का लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष प्रगति पर है। डेवलपमेन्ट के कार्य, मैकेनिकल व इलेक्ट्रिकल कार्य किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि डब्लू.टी.पी. के विद्युत यांत्रिकी, डेवलपमेन्ट, बाउन्ड्रीवाल के अवशेष कार्यों को स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें।

**सी0डब्लू0आर0**:-एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित 10 नग सी0डब्लू0आर0 के सापेक्ष अभी तक 08 नग सी.डब्लू.आर. पत्यौरा, पचखुरा, मिहुना, कलौलीतीर, भवानी, चाँदीकलां, भैसमरी तथा छिरका का सिविल कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 02 नग सी0डब्लू0आर0 चन्द्रपुरवा बुजुर्ग तथा मकरांव में पम्प हाउस के स्ट्रक्चर का कार्य प्रगति पर है। योजना में 08 मीटर रूम का निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष 06 मीटर रूम का कार्य पूर्ण हो गया है तथा 02 नग पर कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि निर्धारित मैनपावर लगाते हुए स्वीकृत ड्राईंग एवं डिजाइन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार अवशेष कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।



Scanned with OKEN Scanner

**अवर जलाशयः**—कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 46 नग अवर जलाशयों का निर्माण किया जाना है, जिसमें कुल 19 अवर जलाशयों में तिलसरस, भमरौली, चॉदीकला, पासुन, उड़दना, गुसयारी, बिगेहना, छिरका, कैथी, परोहरी, खदराडेरा, परेथा, कालीमाटी, यादवडेरा, भमौरा, सिलौली, धुन्धपुर एव सौखर का टॉप डोम कार्य पूर्ण हो चुका है, 11 नग पर स्टेजिंग का कार्य पूर्ण, 09 नग पर बॉटम डोम का कार्य पूर्ण, 06 नग पर स्टेजिंग का कार्य प्रगति पर तथा 01 नग जी0एल0 लेवल तक कार्य पूर्ण किया जा चुका है। सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि कार्यदायी फर्म द्वारा वर्तमान में 16 नग अवर जलाशयों पर कार्य किया जा रहा है तथा 11 नग अवर जलाशय पर कार्य बंद है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा जे.डब्लू आई.एल. प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम लगाते हुए कार्ययोजना के अुनसार सभी अवशेष जलाशयों पर एक साथ तथा समांतर रूप से स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन व मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**राइजिंगमेन एवं वितरण प्रणालीः**—फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित राइजिंगमेन 306.63 किमी0 के सापेक्ष 304 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा योजना में प्रस्तावित वितरण प्रणाली 908.886 किमी0 के सापेक्ष 902 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया कि शेष कार्य तथा यदि किसी ग्राम में पाइप लाइन बिछाने से छूट गया हो अथवा गैप क्लोजिंग का कार्य शेष रह गया हो तो पर्याप्त टीमें लगाकर अवशेष कार्यों को यथाशीघ्र मानकों के अनुरूप पूर्ण करायें।

**FHTC कनेक्शनः**—फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित 47940 FHTC कनेक्शन के सापेक्ष 44500 नग MDPE पाइप का कार्य पूर्ण किया गया है। फर्म द्वारा 97 राजस्व ग्रामों में एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण तथा 21 राजस्व ग्रामों में प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्य को गम्भीरता से लेते हुए पर्याप्त टीमों व मशीनरी को "राउण्ड द क्लाक" 24 घंटे दिन और रात्रिकालीन शिफ्टों में कार्यस्थलों पर लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप तथा कार्ययोजना के अनुसार अवशेष कार्यों को पूर्ण करायें।

**रोड रेस्टोरेशनः**—फर्म के जनरल मैनेजर द्वारा बताया गया कि अभी तक 86 राजस्व ग्रामों (गहतौली, जलाला, पत्योरा डांडा, बरूवा, पारा रायपुरा, इसौली, इटारा, पचखुरा खुर्द, भवनीया, बदनपुर, गौरी, मिहुना, अतरैया, धुन्धपुर, चन्दौखी, महमूदपुर, दरियापुर, कन्जौली, रिगना, नरायनपुर, नजरपुर, रगौरा, बण्डा, कल्ला, धनपुरा, खण्डेहीजार, तिन्दुही किशोरीलाल, तिन्दुही किशुनचन्द्र, टोलामॉफ, परछछ, लेवा, गेहरौली खुर्द, पासुन, बिहेरका, घटकना, भैस्टा, बहरेला, अछरेला, किशुनपुर, मसगांव, धुन्धगॉव, असुई, खण्डेही, बिगेहना, चकदहा, गडेरियाखेड़ा, लारौंद, भमानी, गेहबरा, भवानी, चमरखन्ना, रतवा, एवं गुरहा आदि) में रोड रेस्टोरेशन पूर्ण किया गया एवं 26 राजस्व में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि रोड–रेस्टोरेशन कार्य में आपेक्षित प्रगति कम है, पाइप लेइंग के पश्चात यथाशीघ्र हाइड्रोटेस्टिंग तथा रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराया जाय, जिससे जनसामान्य को आवागमन मे परेशानी न हो। सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 तथा डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 जिन राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, सत्यापन कराकर फोटो सहित रिपोर्ट उपलब्ध करायें।

## हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पाइप पेयजल योजना

सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत) योजना के माध्यम से कुरारा विकास खण्ड के 24 ग्राम पंचायत के 39 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। हरौलीपुर सतही स्त्रोत योजनान्तर्गत 01 इन्टेकवेल (9 एम0एल0डी0), 01 डब्लू0टी0पी0 (8 एम0एल0डी0), 12 नग अवर जलाशय तथा 05 नग सी0डब्लू0आर0 का निर्माण किया जाना है।

**इन्टेकवेलः**— इस योजना के तहत यमुना नदी, ग्राम हरौलीपुर के पास इन्टेकवेल (9 एम0एल0डी0) का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा अवगत कराया गया कि इंटेकवेल का सिविल कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण कर



Scanned with OKEN Scanner

लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानव श्रम लगाकर अवशेष कार्यों को अनुमोदित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**डब्लू0टी0पी0:–** पी0एन0सी0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि डब्लू0टी0पी0 8 एम0एल0डी0 का हरौलीपुर में निर्माण किया जाना है, जिसका सिविल कार्य 98 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है तथा वर्तमान में मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि डब्लू0टी0पी0 का अवशेष सिविल कार्य एवं विद्युत यांत्रिकी के कार्य पर्याप्त मानवश्रम लगाकर शत–प्रतिशत अनुमोदित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप यथाशीघ्र पूर्ण करायें।

**सी0डब्लू0आर0:–**फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित सभी 5 नग सी0डब्लू0आर0 (देवीगंज, रिठारी, पुरई, पचखुरा एवं हरौलीपुर) का सिविल कार्य पूर्ण कर लिया गया है। योजना में कुल 06 मीटररूम का निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष सभी 06 नग मीटररूम का कार्य पूर्ण हो चुका है।

**अवर जलाशय:–**पी0एन0सी0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि सतही स्त्रोत योजना के तहत 12 अवर जलाशयों का निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष सभी 12 अवर जलाशयों का सिविल कार्य पूर्ण हो चुका है तथा वर्तमान में पेटिंग तथा फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया कि अवर जलाशयों पर स्वीकृत ड्राइंग व डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानको का पालन कराते हुए अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाय।

**राइजिंगमेन एवं वितरण प्रणाली:–**कार्यदायी एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित राईजिंगमेन 84.084 किमी0 पाइप बिछाने तथा वितरण प्रणाली पाइप 184.372 किमी0 बिछाने के लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि यदि किसी ग्राम में पाइप लाइन बिछाना अवशेष रह गया हो अथवा गैप क्लोजिंग का कार्य अवशेष हो तो पर्याप्त मानवश्रम लगाकर अवशेष कार्य को मानकों के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा सहायक अभियंता, जल निगम ग्रामीण, महोबा/सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0/डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 कृपया जॉच कर ले कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य किसी भी ग्राम पंचायत में शेष नही है।

**FHTC कनेक्शन:–**प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित 9636 FHTC कनेक्शन के सापेक्ष 9609 MDPE पाइप का कार्य पूर्ण किया गया है। 36 राजस्व ग्रामों में एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण एवं 03 ग्रामों में प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी.एन.सी. प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि यदि कोई ग्राम/ मोहल्ला नल संयोजन किये जाने से शेष रह गये हो तो स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप अवशेष HTC का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराये।

**हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पाइप पेयजल योजना**

सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (नलकूप आधारित) के माध्यम से विकास खण्ड राठ, गोहाण्ड, सरीला एवं मुस्करा के 168 ग्रामों को लाभान्वित किये जाना है। हरौलीपुर नलकूप आधारित योजनान्तर्गत 136 नग नलकूप, 118 नग अवर जलाशय, 1 नग सी0डब्लू0आर0 वितरण प्राणाली के लिए पाईप बिछाने का कार्य 977.42 किमी0, 103 नग स्टाफ क्वाटर, 14.23 किमी0 बाउन्ड्रीवाल का निर्माण किया जाना है। उपरोक्त परियोजना का घटकवार प्रगति निम्नवत है:–

**नलकूप:–**पी0एन0सी0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि नलकूप आधारित योजना में प्रस्तावित 123 नग नलकूप के सापेक्ष 121 नग नलकूपों मे लोवरिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है, 113 नलकूपों का डेवलपमेंट का कार्य पूर्ण तथा 03 नग नलकूपों के डेवलपमेंट का कार्य प्रगति पर है। 103 कार्यस्थलों पर समर्सिबल इन्स्टालेशन का कार्य किया जा चुका है। योजना में कुल 123 नग पम्प हाउस का निर्माण कार्य किया जाना है, जिसके सापेक्ष 101 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। । जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पीएनसी को निर्देशित किया कि मैनपावर व मशीनरी लगाकर सभी नलकूपों पर एक साथ समान्तर रूप से कार्य करायें तथा विकसित किये गये नलकूपों में पम्प इंस्टॉलेशन



Scanned with OKEN Scanner

की कार्यवाही करायें एवं सोलर पैनल की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए सोलर पैनल के अधिष्ठापन कार्य पूर्ण करायें तथा जिन पम्प हाउस पर अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है पर्याप्त मानवश्रम लगाकर यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ करायें।

**अवर जलाशयः–** एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित 118 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 118 अवर जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ किया गया था, जिसमें 63 नग अवर जलाशयों पर टॉप डोम का कार्य पूर्ण, 15 नग पर (जिंग एलम पद्धति) बॉटम स्लैब कास्टिंग का कार्य पूर्ण, 12 नग पर टैंक वॉल का कार्य प्रगति पर, 08 नग पर बॉटम डोम का कार्य प्रगति पर, 10 नग पर स्टेजिंग का कार्य प्रगति पर, 02 नग पर जी0एल0 लेबल तक कार्य पूर्ण तथा 02 नग पर खुदाई व पी0सी0सी0 का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि अवर जलाशयों पर मैनपावर व मशीनरी बढ़ाकर लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप सभी जलाशयों पर एक साथ समान्तर रूप से गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें तथा उपरोक्त अवर जलाशयों की प्रगति मे तेजी लायें।

**वितरण प्रणालीः**–एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि कि योजना में प्रस्तावित 975.28 किमी0 राइजिंगमेन बिछाये जाने के सापेक्ष शत–प्रतिशत पाईप बिछाने का कार्य 168 ग्रामों में पूर्ण हो चुका है। सुपरविजन इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि एजेंसी द्वारा अभी तक गैप क्लोजिंग का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 को निर्देशित किया कि गैप क्लोजिंग का कार्य पर्याप्त टीमें लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाईन एवं मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**FHTC कनेक्शनः**–एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में 53504 FHTC के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 53211 HTC का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 136 राजस्व ग्रामों में FHTC हेतु MDPE पाइप का कार्य पूर्ण हो गया है तथा वर्तमान में 25 राजस्व ग्रामों में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप अवशेष कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण करायें तथा नल संयोजन घरों के अन्दर ही किये जायें।

**रोड रेस्टोरेशनः**–एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि अभी तक योजना में (सतही एवं भूजल) 104 राजस्व ग्रामों में (अमगॉव, अतरा, औंता, टोलराठ, बरोली खरका, बरूआ, मचेहरी, बीरा, चिल्ली, नयैनी, खरेहटा बुजुर्ग, जमखुरी, सियावरी, लिंगा, टिकुर, बिलगॉव, मसगांव, महजोली, वगीपुरा, करही, चुरहा, खरहेटा खुर्द, सैना, अकौना, करगॉव, रावतपुरा, पवई, कुल्हेण्डा, कोथा, खराखर, खिरिया सैदपुर, उमनिया, चुरा, भैसेन, दादो, धरौपुरा, जरिया टिला, झिटकरी डांडा, कदौरा, राजामऊ, हसऊपुर सैना, कन्धौली, भुजपुर, केमोखर, खेडा, मसगांव, टिहर, चकसौना, मिहुना, चिकासी, धनौरी, धनौरा, जखेरी, औंड़ा खेरा, कुम्हरिया, इटौरा गॉव, पथखुरी, रिहुटा, सिरौंधा, चकअमरपुरा, गधार, इटायल, सरसई, टोयना, बीरवाही, एवं बान्धुर खुर्द आदि) रेस्टोरेशन किया जा चुका है तथा 37 राजस्व ग्रामों मे कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोड रेस्टोरेशन कार्य की धीमी प्रगति पर खेद प्रकट किया गया कि कुल 192 राजस्व ग्रामों में एच.टी.सी. कार्य पूर्ण किया गया है, जिसके सापेक्ष अभी तक मात्र 104 राजस्व ग्रामों मे ही रोड रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है, जो कार्यदायी एजेंसी की कार्य के प्रति लापरवाही को प्रदर्शित करता है, जबकि रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किये जाने हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी एजेंसी को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में पाइप बिछाने एवं हाइड्रोटेस्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है, पर्याप्त टीमें लगाकर तत्काल रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कई घरों में अभी तक नल कनेक्शन तथा रोड़ रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण नहीं किये गये हैं जबकि फर्म द्वारा उपलब्ध कराई गयी सूची में कार्य पूर्ण दिखाया गया है, जो उचित नही है।

**अनापत्ति प्रमाण पत्रः–** सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि सभी आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र सम्बन्धित विभागों से प्राप्त किये जा चुके हैं।



Scanned with OKEN Scanner

**विद्युत संयोजनः–** डी0टी0एल0, टी0पी0आई0, हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (भूजल) के अन्तर्गत कुल 67 नग विद्युत संयोजन किया जाना है, जिसके सापेक्ष 59 विद्युत संयोजन का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। हरौलीपुर सतही स्त्रोत के अन्दर कुल 06 विद्युत कनेक्शन किया जाना है. सभी 06 नग विद्युत संयोजन हेतु विद्युत सुरक्षा निदेशालय से एन0ओ0सी0 प्राप्त हो गयी है तथा 04 विद्युत कनेक्शन को उर्जीकृत किया जा चुका है। पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 10 नग विद्युत संयोजन किया जाना है, जिसके सापेक्ष विद्युत सुरक्षा निदेशालय से 06 एन0ओ0सी0 प्राप्त हो चुकी है तथा 02 नग विद्युत संयोजन मीटर रूम का कार्य अपूर्ण होने के कारण विद्युत सुरक्षा निदेशालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नही हो सकी है। 03 विद्युत संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जे0डब्लू0आई0एल0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि मीटर रूम का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करायें तथा विद्युत कनेक्शन को उर्जीकृत किये जाने हेतु विद्युत सुरक्षा निदेशालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर अधिशासी अभियन्ता वि0/यां0, जल निगम ग्रामीण, चित्रकूट को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**आई0एस0ए0:–** सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि जनपद में कार्यरत कुछ आई0एस0ए0 द्वारा आवंटित क्लस्टर ग्रामों में प्रथम फेज की गतिविधियां पूर्ण कर ली हैं तथा माह जुलाई, 2023 मे आई0एस0ए0 द्वारा ग्राम पंचायत की खुली बैठक, महिला बैठक, पुरूष बैठक, हैण्डवॉश तथा प्रभात फेरी आदि जल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। यूनोप्स के जिला सलाहकार श्री सिद्धगोपाल त्रिवेदी द्वारा बताया गया कि यूनोप्स आच्छादित गांवों में जल संरक्षण के लिए जागरूकता रैली गोष्ठी, वृक्षारोपण, स्वच्छता सर्वे आदि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा को प्रथम फेज की गतिविधियों का सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिये गये। आई0एस0ए0 मे0 चित्रकूट सेवा आश्रम द्वारा जुलाई माह में मात्र 06 गतिविधियां तथा जीवन ज्योति शि0 एवं ज0 समिति द्वारा मात्र 12 गतिविधियां आयोजित किये जाने पर असंतोष प्रकट किया गया तथा जनजागरूकता गतिविधियां बढ़ाने के निर्देश दिये गये।

**अम्बर प्रेस प्रा0 लि0** के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि SWSM, लखनऊ द्वारा जल जीवन मिशन हर घर जल योजनान्तर्गत जनपद की समस्त राजस्व स्तर एवं ग्राम पंचायतों में एफ0एच0टी0सी0, शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम/गतिविधियों को आयोजित करने का कार्य आवंटित किया गया है। प्रथम चरण की 03 गतिविधियों जो कि जिला स्तर, ब्लॉक स्तर व ग्राम पंचायत स्तर पर होनी थी, ग्राम पंचायत स्तर की 02 गतिविधियां –

1. **पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धि कार्यशाला का आयोजन**–ग्राम पंचायत स्तर के मुख्यालयों पर 'फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनैक्शन (FHTC) शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जल जनित बिमारियों से बचाव' हेतु जन–जागरुकता कार्यशाला का आयोजन।
2. जनपद की समस्त राजस्व ग्राम पंचायतों में पाँच पेयजल स्रोतों की जांच हेतु जागरूकता तथा स्वच्छता सर्वेक्षण कार्यक्रम से व्यवहार परिवर्तन कराना विकास खण्ड–सरीला, मुस्करा, कुरारा, सुमेरपुर, राठ, गोहाण्ड तथा मौदहा के सभी ग्राम पंचायतों में पूर्ण कर ली गयी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अम्बर प्रेस प्रा0 लि0 के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि प्रथम चरण की अवशेष सभी गतिविधियाँ यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**मै0 विद्यांम स्किल्स एण्ड टेक्नोलॉजी सर्विसेज प्रा0लि0** के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन के अर्न्तगत योजनाओं के हितग्राहियों के क्षमता संवर्धन हेतु निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम (प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य/ग्राम पंचायत सचिव/क्षेत्र पंचायत सदस्य/लेखपाल/ग्राम विकास अधिकारी/रोजगार सेवक तथा सामाजिक अभिरूचि वाले नागरिक)प्रदान किया जाना है। मै0 विद्यांम स्किल्स एण्ड टेक्नोलॉजी सर्विसेज प्रा0लि0 के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि जनपद के विकासखण्ड कुरारा, गोहाण्ड, राठ, मुस्करा, सरीला, सुमेरपुर, मौदहा के 5031 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जनपद में 90 प्रतिशत प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अवशेष प्रशिक्षण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।



Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया गया कि मानवश्रम एवं आवश्यक मशीनरी बढाकर समय से प्रस्तावित कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करायें। रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें, जिससे जनसामान्य को असुविधा न हो। प्रयास किया जाय कि जिस गॉव में कार्य प्रारम्भ किया जाय, उस गॉव में शत–प्रतिशत कनेक्शन देते हुए हर घर जल करने के उपरान्त ही टीम उस गॉव को छोड़ें तथा यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि कार्य सम्पादन में जो सड़क/सी.सी. रोड़/गलियां छतिग्रस्त हो गयी हों, उनके पुर्ननिर्माण का कार्य पूर्व की स्थिति के अनुसार सम्पन्न हो गया है। पाइप लेइंग के पश्चात यथाशीघ्र हाइड्रोटेस्टिंग कराते हुए रोड–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। नल संयोजन घरों के अन्दर किये जाये। सहायक/अवर अभियन्ता, एस.डब्लू.एस.एम. योजना के कार्यस्थलों का लगातार निरीक्षण करते हुए मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करायें तथा दैनिक/साप्ताहिक ऑबर्जवेशन रिपोर्ट अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/पी0एम0सी0 को उपलब्ध करायें। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, पी0एम0सी0, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि सत्यापन करा लिया जाय कि राजस्व ग्राम के सभी परिवारों में गृह नल संयोजन दिये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कोई भी परिवार छूटा नही है तथा राजस्व ग्राम के सभी मोहल्ला/गली/वार्ड रोड–रेस्टोरेशन का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। उपलब्ध कराये गये प्लान के अनुसार कमिशनिंग प्रारम्भ करायें, ग्रामों में पेयजल की टेस्टिंग/ट्रायल शुरू कराने को बाद बन्द कर दिया जाता है, जो उचित नहीं है, निर्बाध रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा 'हर घर जल' ग्राम घोषित करायें। सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा, टी0पी0आई0 तथा पी0एम0सी0 व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य मानक के अनुरुप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप कराना सुनिश्चित करें तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

(राजेश कुमार यादव)
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर
*(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)*

पत्र संख्या–217 /न0गंगे–पेय0परि0-स0बै0(2022–23) दिनांक–09 अगस्त, 2023

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।(ई–मेल)
3. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
4. अधीक्षण अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ।(ई–मेल द्वारा)
5. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), महोबा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सतत पर्यवेक्षण करते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन व गुणवत्ता मानकों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।(ई–मेल द्वारा)
6. अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट।
7. टीम लीडर पी0एम0सी0(आर0वी0 एसोसिएट्स)/टीम लीडर, टी0पी0आई0(सेन्सिस टेक लि0) हमीरपुर।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
9. जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
10. समस्त आई0एस0ए0 जनपद हमीपुर।
11. अम्बर प्रेस प्रा0लि0, लखनऊ/ विद्यांम स्किल्स एण्ड टेक्नोलॉजी सर्विसेज प्रा0लि0।
12. स्टेट हेड, पी0एन0सी0/जे0डब्लू0आई0एल0। (ई–मेल द्वारा)

09/08/2023
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।



Scanned with OKEN Scanner